दशम मोन्टफोर्ट अन्तर्विद्यालयीन म्यूजिक कॉर्निवाल

'' दुनिया में कितनी भी भाषाएँ हो जाएँ, लेकिन संगीत से अच्छी कोई भाषा नहीं हो सकती ''

12 अक्तूबर 2018 सेन्ट मोन्टफोर्ट विद्यालय पटेल नगर में दशम मोन्टफोर्ट अन्तर्विद्यालयीन म्यूजिक कॉर्निवाल प्रायमरी कक्षा (3 से 5) के लिए सम्पन्न हुआ। , जिसमें कुल 12 विद्यालयों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के निर्णायक कुशल संगीतज्ञ श्री सुदीप चन्द्रा मुखर्जी एवं श्री रियो फर्नाडिज थे। कार्यक्रम का आरंभ प्राचार्य ब्रदर मोनचन , ब्रदर जॉन मिंज सिस्टर निकिता व प्रतियोगिता के निर्णायकों द्वारा दीप –प्रज्जवलन से हुआ ।

समस्त विद्यालयों के प्रतियोगियों ने बड़े ही उत्साह के साथ भाग लिया । प्रतियोगियों के साथ हमारे विद्यालय के विद्यार्थियों ने भी अपनी प्रस्तुतियाँ दीं।
प्रतियोगिता का परिणाम निम्नानुसार रहा–
एकल –गान विनर – संस्कार वैली स्कूल भोपाल
रनर अप – सेन्ट जोसेफ कोएड विद्यालय भोपाल
समूह–गान विनर –अप – संस्कार वैली स्कूल भोपाल
रनर –अप – सागर पब्लिक स्कूल साकेत नगर भोपाल
सर्वश्रेष्ठ प्रस्तुति – संस्कार वैली स्कूल भोपाल
सर्वश्रेष्ठ मंच संचालक – कार्मल कॉन्वेंट रतनपुर ।
इस अवसर पर विद्यालय के छात्रों ने पारंपरिक नृत्य प्रस्तुत कर सभी को संगीत से सराबोर कर दिया। प्रतियोगिता की विजयी टीम को विनर अप के लिए प्राचार्य ब्रदर मोनचन तथा रनर –अप के लिए उप – प्रचार्य ब्रदर जॉन मिंज एवं सिस्टर निकिता ने पुरूस्कार प्रदान किए । साथ ही ब्रदर मोनचन ने नन्हें – गायकों और संगीतज्ञों की विजयी टीम को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि प्रतियोगिता प्रतिभा में उभार लाने का कुशल साधन है तो विद्यालय इसको आगे लाने का सही माध्यम है।
उन्होंने कहा कि संगीत के द्वारा हम हमारे भावों को सहज ही व्यक्त कर सकते है।
अंत में विद्यालय प्राचार्य ब्रदर मोनचन ने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विद्यालय तथा विद्यालय की म्यूजिक टीम और तकनीकी – सहायकों का आभार व्यक्त किया । कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान से हुआ।

****